पर्यावरण संरक्षण व सुरक्षा के लिए लखनऊ एयरपोर्ट को पुरस्कार

दिल्ली में आयोजित '8वें एपेक्स इंडिया सम्मेलन और पुरस्कार 2023' में लखनऊ एयरपोर्ट को प्लेटिनम अवार्ड दिया गया ● सौजन्य : एयरपोर्ट प्रशासन

जासं ● लखनऊ : चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट को विमानन क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण और सुरक्षा के लिए ग्रीन लीफ 'प्लेटिनम अवार्ड' प्रदान किया गया है। यह पुरस्कार एपेक्स इंडिया फाउंडेशन की ओर से दिल्ली में आयोजित "8वें एपेक्स इंडिया सम्मेलन और पुरस्कार 2023" में दिया गया।

लखनऊ एयरपोर्ट को यह पुरस्कार मेजर जनरल (सेवानिवृत्त) पीके सहगल और फैक्ट्री सलाह सेवा और श्रम संस्थान महानिदेशालय, श्रम और रोजगार मंत्रालय के पूर्व महानिदेशक डा. अवनीश सिंह ने दिया। लखनऊ एयरपोर्ट के प्रवक्ता ने बताया कि प्लैटिनम पुरस्कार वर्ष 2023-24 में किए गए जल संरक्षण, पारंपरिक वाहनों को इलेक्ट्रिकल में बदलने, सेंसर-आधारित पानी के नल लगाने, आर 22 रेफ्रिजरेंट्स को ग्लोबल वार्मिंग कम करने वाले आर 32 रेफ्रिजरेंट्स में परिवर्तित करने, ड्रिप सिंचाई तकनीक को अपनाने, सौर ऊर्जा का उपयोग और पर्यावरण संरक्षण के प्रति यात्री जागरूकता कार्यक्रम जैसी कई पहल के लिए दिया गया है। लखनऊ हवाई अड्डा वर्ष 2030 तक केंद्र सरकार के नेट जीरो ग्रीन-हाउस गैस उत्सर्जन लक्ष्य को हासिल करने का प्रयास कर रहा है।